PROF. (DR.) REZWANA CHOUDHURY BANNYA

Prof. (Dr.) Rezwana Choudhury Bannya is a well trained professional singer and an ascetic practitioner of Rabindra Sangeet.

2. Born on 13th January 1957 in Rangpur, Bangladesh, Prof (Dr.) Bannya after completing her Higher Secondary won a scholarship to go to Santiniketan to study music, an event that changed the entire course of her life. In 1981, Prof. (Dr.) Bannya completed her master's degree in fine arts from Santiniketan and returned to Dhaka.

3. In 1985, Prof. (Dr.) Bannya recorded her first audio cassette. Her first performance outside the subcontinent was in 1986 when she joined the Bangladesh troupe to take part in Tagore's 125th Anniversary celebrations in London. During this trip, she also performed at UNESCO and Musee Gulmet in Paris. Inspired and encouraged by Kanika Bandopadhyay. She opened her music school Shurer Dhara, a school for teaching Rabindra-Sangeet in Dhaka in 1992. Shurer Dhara has now two international branches in USA and India that are regularly holding online and offline classes with thousands of students. She is working on establishing Shurer Dhara University. Prof. (Dr.) Bannya was the Chairman of the Theatre and Music Department of Dhaka University and was also the founder Chairman of the Dance Department of the same university.

4. Prof. (Dr.) Bannya was chosen to sing in *MOHOR,* a film on the life and work of Kanika Bandopadhyay, made by the renowned *cineaste*, Gautam Ghosh. Hajar Konthe Borshoboron, thousand singers from across Bangladesh celebrating the Bengali New Year on the stage together has now become an annual event in Bengali cultural calendar for the past 12 years lead by Prof. (Dr.) Bannya and Shurer Dhara.

5. Prof. (Dr.) Bannya started her musical career simultaneously both in Kolkata and Dhaka. She had more than 100 albums to her credit from the most reputed music houses like HMV, Prime Music, Biswas Records Shristi, Alap, and she bagged the honour of being the "Best selling" artiste of HMV house from 1999 to 2005. Her musical evening show "Anek Diner Amar Je Gaan“ telecast on ETV Bangla channel got huge popularity during 2004 - 2005 with a record of winning the highest TRP for more than 150 episodes throughout a year. She was the only Bangladeshi singer, who was invited to perform the 150th Birth Anniversary program of Tagore, in New Delhi in 2011. On Tagore's 150th birth anniversary, Shurer Dhara launched "Shrutigitabitan”, a complete musical version of “Gitabitan”, performed by almost 400 Bangladeshi singers.

6. Prof. (Dr.) Bannya also had the honour of being the solo Bangladeshi singer to perform in the song “Vaishnav Jana to" to commemorate the 150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi. She successfully play backed in an award - winning film "Sob Choritra Kalponik”, directed by Late Rituparno Ghosh. By invitation from ICCR as the leader of 20 member team from Shurer Dhara Group travelled and participated in concerts at several places like Lucknow, Delhi, Kolkata in 2015 and was highly appreciated.

7. Prof. (Dr.) Bannya's vision to improve the lives of the children from the slum areas of Dhaka through music education became alive as a Project called Music for Development (MFD) in 2009. After fourteen years, MFD now has transformed the lives of hundreds of underprivileged children from different slum areas of Dhaka through music.

8. Prof. (Dr.) Bannya is recipient of significant awards. She was awarded the highest award of Bangladesh Sadhinota Podok (2016), Dhaka University Pirota Begum Golden Award of Bangladesh (2017), Bangabhusan Award from Government of West Bengal (2017), Sangeet Mahasanman Award from Government of West Bengal (2017), awarded honorary Doctor of Arts degree from the Asian University of Women (2019) and was awarded Eminent ICCR Scholar by Government of India.

प्रो. (डॉ.) रेज़वाना चौधुरी बन्या

प्रो. (डॉ.) रेज़वाना चौधुरी बन्या एक सुप्रशिक्षित पेशेवर गायक और रवीन्द्र संगीत की साधक हैं।

2. 13 जनवरी 1957 को रंगपुर, बांग्लादेश में जन्मे, प्रो. (डॉ.) बन्नया ने उच्च माध्यमिक की पढ़ाई पूरी करने के बाद शांतिनिकेतन में संगीत अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त की। इस घटना ने उनके जीवन की पूरी दिशा बदल दी। 1981 में, प्रो. (डॉ.) बन्नया ने शांतिनिकेतन से ललित कला में मास्टर डिग्री पूरी की और ढाका लौट आईं।

3. 1985 में प्रो. (डॉ.) बन्या ने अपना पहला ऑडियो कैसेट रिकॉर्ड किया। उपमहाद्वीप के बाहर उन्होंने पहली प्रस्तुति 1986 में दी थी, जब वह लंदन में टैगोर की 125वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेने के लिए बांग्लादेश मंडली में शामिल हुईं। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने पेरिस में यूनेस्को और मुसी गुलमेट में भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कनिका बंदोपाध्याय से प्रेरित और प्रोत्साहित होकर, उन्होंने 1992 में ढाका में रवीन्द्र–संगीत सिखाने के लिए अपना संगीत विद्यालय शूरेर धारा खोला। शूरेर धारा की अब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत में दो अंतरराष्ट्रीय शाखाएँ हैं जो हजारों छात्रों के लिए नियमित रूप से ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित करती हैं। वह शूरेर धारा विश्वविद्यालय की स्थापना पर काम कर रही हैं। प्रो. (डॉ.) बन्नया ढाका विश्वविद्यालय के थिएटर और संगीत विभाग की अध्यक्ष थीं और उसी विश्वविद्यालय के नृत्य विभाग की संस्थापक अध्यक्ष भी थीं।

4. प्रो. (डॉ.) बन्या को प्रसिद्ध फिल्म निर्माता गौतम घोष द्वारा कनिका बंदोपाध्याय के जीवन और कार्य पर बनी फिल्म मोहोर में गाने के लिए चुना गया था। हाजार कोन्ठो बोरशोबोरोन, बांग्लादेश भर के हजारों गायकों ने एक साथ मंच पर बंगाली नव वर्ष का जश्न मनाया, जो अब पिछले 12 वर्षों से प्रो. बन्या और शूरेर धरा के नेतृत्व में बंगाली सांस्कृतिक कैलेंडर का एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है।

5. प्रो. (डॉ.) बन्या ने अपने संगीत करियर की शुरुआत कोलकाता और ढाका दोनों जगह एक साथ की। एचएमवी, प्राइम म्यूजिक, बिस्वास रिकॉर्ड्स सृष्टि, अलाप जैसे अतिप्रतिष्ठित संगीत घरानों से उनके 100 से अधिक एल्बम निकले और उन्होंने 1999 से 2005 तक एचएमवी घराने के "बेस्ट सेलिंग" कलाकार होने का सम्मान हासिल किया। ईटीवी बांग्ला चैनल पर प्रसारित होने वाले शाम के शो "अनेक दिनेर आमार जे गान" को 2004 और 2005 के दौरान भारी लोकप्रियता मिली, जिसके एक वर्ष में 150 से अधिक एपिसोड को सबसे ऊंची टीआरपी मिली। वह एकमात्र बांग्लादेशी गायिका थीं, जिन्हें 2011 में नई दिल्ली में टैगोर की 150वीं जयंती कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए आमंत्रित किया गया था। टैगोर की 150वीं जयंती पर शूरेर धारा ने लगभग 400 बांग्लादेशी गायकों द्वारा प्रस्तुत "श्रुतिगीताबितान" लॉन्च किया, जो "गीताबितान" का समग्र संगीत संस्करण है।

6. प्रो. (डॉ.) बन्या को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में "वैष्णव जन तो" गीत गाने वाली एकमात्र बांग्लादेशी गायिका होने का सम्मान भी प्राप्त हुआ। उन्होंने दिवंगत रितुपर्णो घोष द्वारा निर्देशित पुरस्कार विजेता फिल्म "सोब चोरित्र काल्पोनिक" में सफलतापूर्वक पार्श्वगायन किया। आईसीसीआर के निमंत्रण पर शूरेर धारा समूह के 20 सदस्यीय दल के नेता के रूप में, उन्होंने 2015 में लखनऊ, दिल्ली, कोलकाता जैसे कई स्थानों पर संगीत कार्यक्रमों में भाग लिया और उन्हें काफी सराहना मिली।

7. संगीत शिक्षा के माध्यम से ढाका के झुग्गी–झोपड़ी इलाकों के बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने की प्रो. (डॉ.) बन्या की संकल्पना 2009 में म्यूजिक फॉर डेवलपमेंट (एमएफडी) नामक एक परियोजना के रूप में साकार हुई। चौदह वर्षों के बाद, एमएफडी ने अब संगीत के माध्यम से ढाका के विभिन्न झुग्गी–झोपड़ियों के सैकड़ों वंचित बच्चों के जीवन को बदल दिया है।

8. प्रो. (डॉ.) बन्या को अनेक महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्हें बांग्लादेश के सर्वोच्च पुरस्कार साधिनोता पोदोक (2016), बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय का पिरोता बेगम गोल्डन अवार्ड (2017), पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बंगभूषण पुरस्कार (2017), पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से संगीत महासम्मान पुरस्कार (2017), एशियाई महिला विश्वविद्यालय की मानद डॉक्टर ऑफ आर्ट्स की डिग्री (2019) तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित आईसीसीआर स्कॉलर का सम्मान प्रदान किया गया।